Title: Need to set up a F.M. Radio Station in Mau District in Uttar Pradesh.

श्री बालकृण चौहान (घोसी) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र घोसी के जिला मुख्यालय मऊ, उत्तर प्रदेश में रेडियो प्रसारण की अनुपलब्धता की ओर दिलाना चाहता हूँ। मऊ एवं आस-पास के ज़िलों यथा बलिया, गाज़ीपुर, आज़मगढ़ की आम ग्रामीण जनता को मनोरंजन एवं सामाजिक, शैक्षिक, राजनैतिक, आर्थिक सूचनाओं के प्राप्त होने का एकमात्र एवं सस्ता साधन रेडियो है, लेकिन वाराणसी एवं गोरखपुर के रेडियो स्टेशनों की काफी दूरी होने एवं अत्याधुनिक उपकरणों के अभाव में, उक्त सुविधाओं से इस क्षेत्र की जनता वंचित है। काफी दिनों से मऊ में एफ.एम. रेडियो स्टेशन स्थापित करने की जनता की मांग है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि जनपद मऊ, उत्तर प्रदेश में जनहित में एफ.एम.रेडियो स्टेशन की स्थापना करें।